## अध्याय - VI

# पूर्वोत्तर क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास



यह विभाग पूर्वोत्तर क्षेत्रों में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास पर विशेष ध्यान देता रहा है और कुल आबंटन का 10 % पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए निर्धारित किया जाता है। पूर्वोत्तर क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 6975 कि.मी. है और इनका विकास और अनुरक्षण तीन एजेंसियों अर्थात् राज्य लोक निर्माण विभाग, सीमा सड़क संगठन और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। 6975 कि.मी. की कुल लंबाई में से लगभग 3331 कि.मी. सीमा सड़क संगठन के पास है और 2880 कि.मी. संबंधित राज्य लोक निर्माण विभागों के पास है और 764 कि.मी. की शेष लंबाई का कार्य भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के पास है।

6.1.2 पूर्वोत्तर क्षेत्र में वर्ष 2005-06 (31 दिसम्बर, 2005 तक) के दौरान विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत राज्यीय राजमार्गों और उनके विकास और अनुरक्षण कार्यों के ब्योरे इस प्रकार हैं :-

| | | |
|---|---|---|
| (i) | एन एच डी पी चरण III ख के अंतर्गत लंबाई | 1246 कि.मी. |
| (ii) | विशेष त्वरित सड़क विकास परियोजना - पूर्वोत्तर क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई - | |
| | चरण 'क' | 1110 कि.मी. |
| | चरण 'ख' | 2141 कि.मी. |

6.1.3 एन एच डी पी चरण-IIIख के अंतर्गत पूर्वोत्तर राज्यों के राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई के ब्योरे **अनुबंध-VI** में दिए गए हैं।

6.1.4 विशेष त्वरित सड़क विकास कार्यक्रम - पूर्वोत्तर क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्यीय सड़कों और जनरल स्टॉफ (जी एस) सड़कों की लंबाई के राज्यवार ब्योरे **अनुबंध-VII** में दिए गए हैं।

6.1.5 पूर्वोत्तर क्षेत्र में कार्यों के राज्यवार ब्योरे नीचे दिए गए हैं।

## अरूणाचल प्रदेश

6.1.6 31 दिसम्बर, 2005 की स्थिति के अनुसार, 14.10 करोड़ रुपए की धनराशि के पांच सुधार कार्य प्रगति पर हैं। राज्य लोक निर्माण विभाग के पास 32.6 किलोमीटर कुल लंबाई में से 26 किलोमीटर में पहले ही सुधार कार्य किया जा चुका है और शेष लंबाई में यह कार्य शुरू कर दिया गया है।

6.1.7 केंद्रीय सड़क निधि के अंतर्गत राज्यीय सड़कों के सुधार के लिए 80.42 करोड़ रुपए

की धनराशि के 26 कार्य लिए गए हैं ।

6.1.8 अंतर्राज्यीय सड़क संपर्क और आर्थिक महत्व की स्कीम के अंतर्गत 24.48 करोड़ रुपए की लागत के दो कार्य प्रगति पर हैं । इसके अतिरिक्त, वर्ष 2005-06 के दौरान 9.78 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत का एक कार्य सैद्धांतिक रूप में अनुमोदित किया गया है ।

## असम

6.1.9 31 दिसम्बर, 2005 की स्थिति के अनुसार चालू वर्ष के दौरान लगभग 77.00 करोड़ रुपए की लागत के 20 सुधार कार्य मंजूर किए गए हैं ।

6.1.10 असम-पश्चिम बंगाल सीमा पर स्थित श्रीरामपुर से प्रारंभ होकर असम में गुवाहाटी, नगांव और सिलचर को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों जिनमें रा.रा. 31ग, 31, 37, 36 और 54 शामिल हैं, की 732 कि.मी. लंबाई राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना के पूर्व-पश्चिम महामार्ग के अंतर्गत आती है । 18 कि.मी. सड़क खंड में कार्य पूरे हो गए हैं और 378 कि.मी. लंबाई को शामिल करते हुए 15 पैकेजों में कार्य सौंप दिए गए हैं । शेष खंडों के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं ।

6.1.11 केंद्रीय सड़क निधि के अंतर्गत अभी तक राज्यीय सड़कों के सुधार के लिए 126.37 करोड़ रु. की धनराशि के 62 कार्य लिए गए हैं ।

6.1.12 अंतर्राज्यीय सड़क संपर्क और आर्थिक महत्व स्कीम के अंतर्गत 12.63 करोड़ रुपए की लागत के 7 कार्य प्रगति पर हैं ।

6.1.13 सरकार ने "विशेष त्वरित सड़क विकास कार्यक्रम - पूर्वोत्तर क्षेत्र" के चरण 'क' के कार्यान्वयन के लिए भी अनुमोदन दे दिया है और "विशेष त्वरित सड़क विकास कार्यक्रम - पूर्वोत्तर क्षेत्र" के चरण 'ख' के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए अनुमोदन प्रदान कर दिया है ।

## मणिपुर

6.1.14 31 दिसम्बर, 2005 की स्थिति के अनुसार 74.45 करोड़ रुपए की लागत के 20 सुधार कार्य प्रगति पर हैं ।

6.1.15 केंद्रीय सड़क निधि के अंतर्गत 24.41 करोड़ रुपए की लागत के 10 कार्य लिए गए हैं । इसके अतिरिक्त, अंतर्राज्यीय सड़क संपर्क और आर्थिक महत्व स्कीम के अंतर्गत 39.98 करोड़ रुपए की लागत की तीन स्कीमें सैद्धांतिक रूप में अनुमोदित की गई हैं ।

## मेघालय

6.1.16 31 दिसम्बर, 2005 की स्थिति के अनुसार, 106.71 करोड़ रुपए की धनराशि के 30

सुधार कार्य प्रगति पर हैं ।

6.1.17 31 दिसम्बर, 2005 की स्थिति के अनुसार, केंद्रीय सड़क निधि के अंतर्गत अभी तक 42.46 करोड़ रुपए की लागत के 19 कार्य लिए गए हैं । इसके अतिरिक्त, केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित अंतर्राज्यीय सड़क संपर्क स्कीम के अंतर्गत 4.29 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत का एक पुल कार्य प्रगति पर है ।

## मिजोरम

6.1.18 31 दिसम्बर, 2005 की स्थिति के अनुसार, चालू वर्ष के दौरान 7.19 करोड़ रुपए की लागत के 2 कार्यों सहित 48.70 करोड़ रु. के 12 सुधार कार्य मंजूर किए गए हैं, जो प्रगति पर हैं ।

6.1.19 केंद्रीय सड़क निधि के अंतर्गत, 21.18 करोड़ रुपए की धनराशि के 24 सुधार कार्य लिए गए हैं । इसके अतिरिक्त, अंतर्राज्यीय सड़क संपर्क और आर्थिक महत्व स्कीम के अंतर्गत 12.37 करोड़ रुपए की लागत के तीन कार्य प्रगति पर हैं । आर्थिक महत्व की राज्यीय सड़क स्कीम के अंतर्गत वर्ष 2004-05 के दौरान सैद्धांतिक रूप में अनुमानित 18.87 करोड़ रु. लागत का एक कार्य अनुमोदित किया गया ।

## नगालैंड

6.1.20 31 दिसम्बर, 2005 की स्थिति के अनुसार, 19.87 करोड़ रुपए की लागत के 8 सुधार कार्य प्रगति पर हैं ।

6.1.21 केंद्रीय सड़क निधि के अंतर्गत राज्यीय सड़कों के सुधार के लिए अभी तक 28.56 करोड़ रुपए की लागत के 11 कार्य लिए गए हैं । इसके अतिरिक्त, आर्थिक महत्व और अंतर्राज्यीय सड़क-संपर्क स्कीम के अंतर्गत 20.34 करोड़ रु. की अनुमानित लागत के 3 कार्य प्रगति पर हैं । अंतर्राज्यीय सड़क-संपर्क और आर्थिक महत्व की स्कीम के अंतर्गत 88.83 करोड़ रुपए की राशि के 5 कार्य अनुमोदित किए गए हैं ।

## सिक्किम

6.1.22 केंद्रीय सड़क निधि के अंतर्गत राज्यीय सड़कों के सुधार के लिए 10.93 करोड़ रु. के 13 कार्य लिए गए हैं । अंतर्राज्यीय सड़क संपर्क और आर्थिक महत्व स्कीम के अंतर्गत 20.48 करोड़ रु. की लागत के 4 कार्य प्रगति पर हैं ।

## त्रिपुरा

6.1.23 केंद्रीय सड़क निधि के अंतर्गत राज्यीय सड़कों के सुधार के लिए 13.22 करोड़ रुपए की धनराशि के 6 कार्य लिए गए हैं । आर्थिक महत्व स्कीम के अंतर्गत 7.35 करोड़ रुपए की लागत के 2 कार्य प्रगति पर हैं और आर्थिक महत्व स्कीम के अंतर्गत एक कार्य मंजूर किया गया है ।